रजिस्ट्री सं. डीएल(एन)-04/0007/2003--05 REGISTERED No. DL(N)-04/0007/2003—05

सत्यमेव जयते

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

साप्ताहिक/WEEKLY

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 29] नई दिल्ली, शनिवार, जुलाई 21—जुलाई 27 2018 (आषाढ़ 30, 1940)

No. 29] NEW DELHI, SATURDAY, JULY 21—JULY 27, 2018 (ASHADHA 30, 1940)

(इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके)

(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

विषय-सूची

पृष्ठ सं.

भाग I—खण्ड-1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों तथा संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं. 465

भाग I—खण्ड-2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं. 491

भाग I—खण्ड-3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं. 13

भाग I—खण्ड-4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं. 1523

भाग II—खण्ड-1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम. ..... *

भाग II—खण्ड-1क—अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ. ..... *

भाग II—खण्ड-2—विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्ट. ..... *

भाग II—खण्ड-3—उप खण्ड (i)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियम (जिनमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उपविधियां आदि भी शामिल हैं). ..... *

भाग II—खण्ड-3—उप खण्ड (ii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं. ..... *

भाग II—खण्ड-3—उप खण्ड (iii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (जिसमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी प्राधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खण्ड 3 या खण्ड 4 में प्रकाशित होते हैं). ..... *

भाग II—खण्ड-4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश. ..... *

भाग III—खण्ड-1—उच्च न्यायालयों, नियंत्रक और महालेखापरीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल विभाग और भारत सरकार से सम्बद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं. 3353

भाग III—खण्ड-2—पेटेंट कार्यालय द्वारा जारी की गई पेटेन्टों और डिजाइनों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं और नोटिस *

भाग III—खण्ड-3—मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं. ..... *

भाग III—खण्ड-4—विविध अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं. 1917

भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी निकायों द्वारा जारी किए गए विज्ञापन और नोटिस. 1359

भाग V—अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु के आंकड़ों को दर्शाने वाला सम्पूरक. ..... *

*आंकड़े प्राप्त नहीं हुए।

CONTENTS

	Page No.
PART I—SECTION 1—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	465
PART I—SECTION 2—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	491
PART I—SECTION 3—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence	13
PART I—SECTION 4—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence	1523
PART II—SECTION 1—Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 1A—Authoritative texts in Hindi language, of Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 2—Bills and Reports of the Select Committee on Bills	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (i)—General Statutory Rules (including Orders, Bye-laws, etc. of general character) issued by the Ministry of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (iii)—Authoritative texts in Hindi (other than such texts, published in Section 3 or Section 4 of the Gazette of India) of General Statutory Rules & Statutory Orders (including Bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 4—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence	*
PART III—SECTION 1—Notifications issued by the High Courts, the Comptroller and Auditor General, Union Public Service Commission, the Indian Government Railways and by Attached and Subordinate Offices of the Government of India	3353
PART III—SECTION 2—Notifications and Notices issued by the Patent Office, relating to Patents and Designs	*
PART III—SECTION 3—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	*
PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	1917
PART IV—Advertisements and Notices issued by Private Individuals and Private Bodies	1359
PART V—Supplement showing Statistics of Births and Deaths etc. both in English and Hindi	*

*Folios not received.

भाग I—खण्ड 1

[PART I—SECTION 1]

[(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों तथा संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं]

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

———————

अंतरिक्ष विभाग

संकल्प

बेंगलूर, 5 जुलाई, 2018

सं. 8/3/14/2014-हिं..—अंतरिक्ष विभाग के प्रभारी मंत्री के रूप में प्रधानमंत्री के अनुमोदन से दिनांक 01 जुलाई, 2015 की संकल्प संख्या 8/3/14/2014-हिं.द्वारा पुनर्गठित अंतरिक्ष विभाग एवं परमाणु ऊर्जा विभाग की संयुक्त हिंदी सलाहकार समिति का कार्यकाल, जोकि 30 जून, 2018 को समाप्त हो गया था, 01 जुलाई, 2018 से एक वर्ष की अवधि के लिए बढ़ाया जाता है।

एस. कुमारास्वामी

संयुक्त सचिव

वित्त मंत्रालय

आर्थिक कार्य विभाग

(बजट प्रभाग)

संकल्प

नई दिल्ली, 17 जुलाई, 2018

एफसंख्या. 5(1)-बी(पी.डी.)/2018.—आम जानकारी के लिए यह घोषित किया जाता है कि वर्ष 2018-2019 के दौरान सामान्य भविष्य निधि तथा उसी प्रकार की अन्य निधियों के अभिदाताओं की कुल जमा रकमों पर दी जाने वाली ब्याज दर 1 जुलाई, 2018 से 30 सितंबर, 2018 तक 7.6% (सात दशमलव छः प्रतिशत) होगी। यह दर 1 जुलाई, 2018 से लागू होगी। संबंधित निधियां निम्नलिखित हैं-

1. सामान्य भविष्य निधि (केंद्रीय सेवाएं)।
2. अंशदायी भविष्य निधि (भारत)।
3. अखिल भारतीय सेवा भविष्य निधि।
4. राज्य रेलवे भविष्य निधि।

5. सामान्य भविष्य निधि (रक्षा सेवाएं)।

6. भारतीय आयुध विभाग भविष्य निधि।

7. भारतीय आयुध कारखाना कामगार भविष्य निधि।

8. भारतीय नौसेना गोदी कामगार भविष्य निधि।

9. रक्षा सेवा अधिकारी भविष्य निधि।

10. सशस्त्र सेना कार्मिक भविष्य निधि।

2. आदेश दिया जाता है कि यह संकल्प भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए।

अंजना वशिष्ठ

उप-सचिव (बजट)

मानव संसाधन विकास मंत्रालय

(उच्चतर शिक्षा विभाग)

यू.3(ए) अनुभाग

नई दिल्ली, 6 जून, 2018

सं.फा.9-25/2000-यू3(ए) भाग.3.—जबकि, 'अमृता विश्व विद्यापीठम' कोयम्बटूर, तमिलनाडु, जिसमें निम्नलिखित पांच संस्थाएं हैं, को इस मंत्रालय की दिनांक 13 जनवरी, 2003 की अधिसूचना सं. एफ.9-25/2000-यू.3 द्वारा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) अधिनियम, 1956 की धारा 3 के तहत समविश्वविद्यालय घोषित किया गया था, जो पांच वर्षों के बाद समीक्षा के अध्यधीन है :

i. अमृता प्रौद्योगिकी और विज्ञान संस्थान, एट्टीमडई परिसर, कोयम्बटूर;

ii. अमृता प्रबंधन संस्थान, एट्टीमडई परिसर, कोयम्बटूर;

iii. अमृता चिकित्सा विज्ञान और अनुसंधान केंद्र संस्थान, कोच्चि;

iv. अमृता इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मास्युटिकल्स साइंसेज, कोच्चि; और

v. अमृता इंस्टिट्यूट ऑफ़ नर्सिंग साइंसेज, कोच्चि

2. और जबकि, मंत्रालय की दिनांक 13.01.2003 की अधिसूचना के प्रावधानों के अनुसार, विश्वाविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा अमृता विश्व विद्यापीठम, कोयम्बटूर की कार्यों की समीक्षा करने के लिए एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया था।

3. और जबकि, केंद्र सरकार ने दिनांक 30 सितंबर, 2016 की अपनी अधिसूचना सं. 9-25/2000-यू.3ए की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और यूजीसी की सलाह पर, 'अमृता विश्व विद्यापीठम' कोयम्बटूर, तमिलनाडु के सम विश्वविद्यालय के दर्जे को अगले पांच वर्षों की अवधि अर्थात 13.01.2008 से 12.01.2013 तक बढ़ाया है।

4. और इसके अलावा जबकि, यूजीसी ने एक विशेषज्ञ समिति के माध्यम से 'अमृता विश्वा विद्यापीठम' कोयम्बटूर, तमिलनाडु और इसकी घटक इकाइयों की समीक्षा की है| इसके अतिरिक्त, केंद्र सरकार ने धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, दिनांक 27 मार्च, 2017 की अपनी अधिसूचना सं. 9-25/2000-यू.3(ए) भाग.3 द्वारा, यूजीसी की सलाह पर, 'अमृता विश्व विद्यापीठम' कोयम्बटूर, तमिलनाडु के सम विश्वविद्यालय के दर्जे को अगले पांच वर्षों की अवधि अर्थात 13.01.2008 से 12.01.2013 तक बढ़ाया है जो इस शर्त के अध्यधीन होगा कि दर्जे को भविष्य में तभी आगे बढ़ाया जायेगा जब सम विश्वविद्यालय के नाम पर एक अलग सोसाइटी बनाई जाएगी और सभी चल-अचल संपत्तियों को नवनिर्मित सोसाइटी में कानूनी रूप से अंतरित कर दिया जायेगा। कमियां दूर किए जाने तक, अमृता विश्व विद्यापीठम, कोयंबटूर, तमिलनाडु को आगे विस्तार करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

5. और जबकि, अमृता विश्व विद्यापीठम, कोयंबटूर, तमिलनाडु के अनुरोध और यूजीसी की सलाह के अनुसार, मंत्रालय ने यूजीसी अधिनियम, 1956 की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, अमृता विश्व विद्यापीठम, कोयंबटूर, तमिलनाडु के सम विश्वविद्यालय दर्जे को दिनांक 13.1.2018 से 12.7.2018 तक 6 माह की अवधि के लिए आगे बढ़ाया/नियमितिकरण किया।

6. और जबकि, अमृता विश्व विद्यापीठम, कोयंबटूर, तमिलनाडु ने यूजीसी से एक शैक्षिक वर्ष के लिए सम विश्वविद्यालय के दर्जे को आगे बढ़ाने का पुन: अनुरोध किया जिससे उसके शैक्षिक कार्यकलाप प्रभावित न हो। आयोग द्वारा दिनांक 20.3.2018 को आयोजित अपनी 530वीं बैठक (मद सं. 2.19) में संस्था के अनुरोध पर विचार किया गया और अमृता विश्व विद्यापीठ, कोयंबटूर, तमिलनाडु के सम विश्वविद्यालय दर्जे को दिनांक 13.7.2018 से 12.7.2019 तक 1 वर्ष की और अवधि के लिए आगे बढ़ाने की सिफारिश की।

7. अत: अब, यूजीसी अधिनियम, 1956 की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केंद्र सरकार ने, एतदद्वारा यूजीसी की सलाह पर, अमृता विश्व विद्यापीठम, कोयंबटूर, तमिलनाडु के सम विश्वविद्यालय दर्जे को दिनांक 13.7.2018 से 12.7.2019 तक 1 वर्ष की अवधि के लिए आगे बढ़ाया/नियमितिकरण किया जिसके दौरान संस्था दिनांक 27 मार्च, 2017 के इस मंत्रालय के आदेश की शर्तों का अनुपालन करेगी अन्यथा इस कारण से भविष्य में उसके दर्जे को आगे नहीं बढ़ाया जाएगा।

8. अमृता विश्व विद्यापीठम, कोयंबटूर, तमिलनाडु इस मंत्रालय की पूर्व अधिसूचनाओं में दर्शायी गई अन्य शर्तों का अनुपालन करता रहेगा।

संजय कुमार सिन्हा

संयुक्त सचिव

(आई सी आर प्रभाग)

नई दिल्ली, 8 जून, 2018

सं.एफ. 9-19/2005-यू.3 (भाग 1) .—जबकि, केन्द्र सरकार को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) अधिनियम, 1956 की धारा 3 के तहत, यूजीसी की सलाह पर, किसी उच्चतर अधिगम संस्था को सम-विश्वविद्यालय के रूप में घोषित करने की शक्ति प्राप्त है।

2. और जबकि, केन्द्र सरकार ने यूजीसी अधिनियम, 1956 की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, अपनी दिनांक 21.08.2005 की अधिसूचना सं. 9-19/2005-यू.3 के जरिए यूजीसी की सलाह पर, अकादमी ऑफ मैरीटाइम एजुकेशन एण्ड ट्रेनिंग, कनाथुर, तमिलनाडु को इसके संबंधन विश्वविद्यालय से संस्था की सम्बद्धता समाप्त होने की तारीख से पांच वर्षों की अनंतिम अवधि के लिए नई श्रेणी के तहत समविश्वविद्यालय संस्था घोषित किया था।

3. और इसके अतिरिक्त जबकि, यूजीसी द्वारा इसकी विशेषज्ञ समिति की मदद से 31 जनवरी से 2 फरवरी, 2018 के दौरान अकादमी ऑफ मैरीटाइम एजुकेशन एण्ड ट्रेनिंग, कनाथुर, तमिलनाडु के कार्यकरण की समीक्षा की गई थी। विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट दिनांक 20.03.2018 को आयोजित इसकी 530वीं बैठक (मद सं. 2.06) में आयोग के समक्ष प्रस्तुत की गई थी। आयोग ने रिपोर्ट पर विचार किया था और इस मंत्रालय को निम्नलिखित संकल्प संप्रेषित किया गया था:

"विचार किया गया और इसके अध्यधीन अनुमोदन किया कि विजिटिंग विशेषज्ञ समिति द्वारा सुझावों पर, यदि कोई हों, छह माह की समयावधि के भीतर विचार किया जाएगा और यूजीसी को दस्तावेजी प्रमाण सहित अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी।"

4. अत: अब, केन्द्र सरकार यूजीसी अधिनियम, 1956 की धारा 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, एतदद्वारा यूजीसी की सलाह पर अकादमी ऑफ मैरीटाइम एजुकेशन एण्ड ट्रेनिंग, कनाथुर, तमिलनाडु के समविश्वविद्यालय के दर्जे को दिनांक 21.08.2012 से 30.06.2019 तक आगे बढ़ाती/विनियमित करती है जो इसके अध्यधीन होगा कि संस्था यूजीसी विशेषज्ञ समिति द्वारा बताए गए सुझावों/ बताई गई कमियों के संदर्भ में अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। इसके अलावा, यह इस शर्त के अध्यधीन होगा कि समविश्वविद्यालय अपनी एनआईआरएफ/ एनएएसी में अपनी रैंकिंग/ग्रेडिंग के जरिए अपने कार्य- निष्पादन में सुधार करेगा।

5. अकादमी ऑफ मैरीटाइम एजुकेशन एण्ड ट्रेनिंग, कनाथुर, तमिलनाडु द्वारा इस मंत्रालय की पूर्व अधिसूचना(ओं) में उल्लिखित सभी अन्य शर्तों के साथ-साथ यूजीसी और अन्य सांविधिक परिषदों द्वारा समय-समय पर जारी किए जाने वाले नियमों/ विनियमों का पालन किया जाएगा।

संजय कुमार सिन्हा

संयुक्त सचिव

सं.एफ.9-38/2006-यू3(ए) भाग.3.—जबकि, केन्द्र सरकार को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) अधिनियम, 1956 की धारा 3 के तहत, यूजीसी की सलाह पर, किसी उच्चतर अधिगम संस्था को समविश्वविद्यालय के रूप में घोषित करने की शक्ति प्राप्त है।

2. और जबकि, केंद्र सरकार ने यूजीसी अधिनियम, 1956 की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, अपनी दिनांक 16.12.2008 की अधिसूचना सं.9-38/2006-यू3(ए) के माध्यम से, यूजीसी की सलाह पर, बी.एस. अब्दुर रहमान क्रिसेंट इंजीनियरिंग कॉलेज, वांदालुर, चेन्नई, तमिलनाडु को, इसके संबधन विश्वविद्यालय से संबद्धता समाप्त होन की तिथि से पांच वर्ष की अनंतिम अवधि के लिए बी.एस. अब्दुर रहमान विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान के नाम पर समविश्वविद्यालय संस्था के रूप में घोषित किया था।

3. और इसके अलावा जबकि, यूजीसी द्वारा दिनांक 29-31 जनवरी, 2018 के दौरान, अकादमी ऑफ़ मेरीटाइम एजुकेशन एंड ट्रेनिंग कनाथुर, तमिलनाडु के कार्यों की विशेषज्ञ समिति की सहायता से समीक्षा की गई थी। विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट दिनांक 20.03.2018 को हुई इसकी 530वीं बैठक (मद सं. 2.13) में आयोग के समक्ष प्रस्तुत की गई थी। आयोग ने रिपोर्ट पर विचार किया था और इस मंत्रालय को निम्नलिखित संकल्प अग्रेषित किया गया था:

"विचार किया गया और इसके अध्यधीन अनुमोदन किया कि विजिटिंग विशेषज्ञ समिति द्वारा दिए गए सुझावों पर, यदि कोई हो, छह माह की समयावधि के भीतर विचार किया जाएगा और यूजीसी को दस्तावेजी प्रमाण सहित अनुपालन रिपोर्ट, प्रस्तुत की जाएगी।"

4. अब इसलिए, केंद्र सरकार एतदद्वारा, यूजीसी अधिनियम, 1956 की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यूजीसी की सलाह पर, बी.एस. अब्दुर रहमान विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान, वांदालुर, चेन्नई, तमिलनाडु के समविश्वविद्यालय के दर्जे को 16.12.2013 की तिथि से आगे निम्नलिखित शर्तों के साथ बढ़ाती है:

i. समविश्वविद्यालय समय-समय पर इसके एमओए/नियमों और इसके विभिन्न निकायों के संघटन को यथासंशोधित यूजीसी (सम विश्वविद्यालय संस्थाएं) विनियम, 2016 के प्रावधानों के अनुसार संशोधन करेगा।

ii. समविश्वविद्यालय नए पाठ्यक्रम/विभाग/केंद्र को समय-समय पर यथासंशोधित यूजीसी (सम विश्वविद्यालय संस्थाएं) विनियम, 2016 के प्रावधानों के अनुसार प्रारंभ करेगा।

iii. समविश्वविद्यालय संस्था अपने नाम की अनुमोदित शब्दावली ही प्रयुक्त करेगा

iv. समविश्वविद्यालय यूजीसी विशेषज्ञ समिति समिति द्वारा प्रस्तुत किए गए सुझावों/कमियों के संबंध में अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा।

5. बी.एस.अब्दुर रहमान विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान, वांदालुर, चेन्नई, तमिलनाडु द्वारा इस मंत्रालय की पूर्व अधिसूचना(ओं) में उल्लिखित अन्य शर्तों के साथ-साथ समय-समय पर जारी यूजीसी और अन्य सांविधिक परिषदों के नियमों/विनियमों का निरंतर अनुपालन किया जाएगा

संजय कुमार सिन्हा

संयुक्त सचिव

सं.फा.9-37/2007-यू3(ए) खंड 2 .—जबकि, केन्द्र सरकार को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) अधिनियम, 1956 की धारा 3 के तहत, यूजीसी की सलाह पर, किसी उच्चतर अधिगम संस्था को समविश्वविद्यालय घोषित करने की शक्ति प्राप्त है।

2. और जबकि, केन्द्र सरकार ने यूजीसी अधिनियम, 1956 की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यूजीसी के परामर्श पर, अपनी दिनांक 29.02.2008 की अधिसूचना सं. 9-37/2007-यू.3(ए) द्वारा श्री बी.एम. पाटिल मेडिकल कॉलेज, अस्पताल और अनुसंधान केंद्र, बीजापुर, कर्नाटक को, इसके संबधन विश्वविद्यालय अर्थात् राजीव गांधी स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, बंगलौर से संबद्धता समाप्त होने की तारीख से 5 वर्षों की अंनतिम अवधि के लिए 'बीएलडीई विश्वविद्यालय' के नाम और शैली में सम-विश्वविद्यालय संस्था के रूप में घोषित किया था। यह घोषणा इस शर्त के अध्यधीन थी कि यूजीसी की विशेषज्ञ समिति की निरीक्षण और मूल्यांकन रिपोर्ट और यूजीसी की सिफारिशों के आधार पर 5 वर्षों की अवधि के बाद की समविश्वविद्यालय के दर्जे की पुष्टि जाएगी।

3. और आगे जबकि, माननीय उच्चतम न्यायालय ने ओडिशा लिफ्ट इरिगेशन कार्पोरेशन लिमिटेड बनाम रबी शंकर पेट्रो एवं अन्य द्वारा दायर सिविल अपील सं. 17869-17870/2017 (एसएलपी (सी) सं. 19807-19808/2012 से उत्पन्न) और विजय कुमार एवं अन्य बनाम करतार सिंह एवं अन्य शीर्षक सिविल अपील सं. 17902-17905/2017 (एसएलपी सी सं. 35793-96/2012 से उत्पन्न) में अपने दिनांक 03.11.2017 के आदेश में यह फैसला किया कि यूजीसी, आज से एक माह के भीतर यूजीसी अधिनियम की धारा 23 के कार्यान्वयन और समविश्वविद्यालयों को ''विश्वविद्यालय'' शब्द का उपयोग करने पर प्रतिबंध लगाने के समुचित उपाय करेगा।

4. और जबकि, केन्द्र सरकार ने माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुसार और यूजीसी के परामर्श पर, यूजीसी अधिनियम, 1956 की धारा 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अपनी दिनांक 11 जनवरी, 2018 की अधिसूचना सं. 9-37/2007-यू.3(ए) द्वारा "बीएलडीई विश्वविद्यालय" के नाम से 'विश्वविद्यालय' शब्द का विलोपन कर 'बीएलडीई' करती है बशर्ते कि बीएलडीई अपने नाम के आगे 'विश्वविद्यालय' शब्द को प्रयोग नहीं करेगा लेकिन, इसके आगे कोष्ठकों के भीतर "समविश्वविद्यालय'' प्रत्यय शब्द का उल्लेख कर सकता है।

5. और जबकि, यूजीसी द्वारा अपनी विशेषज्ञ समिति की सहायता से दिनांक 22-24 सितंबर, 2017 के दौरान 'बीएलडीई', बीजापुर, कर्नाटक के कार्यकलापों की समीक्षा की गई थी। विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट को दिनांक 22.12.2017 को आयोजित इसकी 527वीं बैठक (मद सं. 2.01) में आयोग के समक्ष रखा गया। आयोग ने रिपोर्ट पर विचार किया था और निम्नलिखित संकल्प इस मंत्रालय को अग्रेषित किया गया था:

''विचार किया गया और इसके अध्यधीन अनुमोदन किया कि विजिटिंग विशेषज्ञ समिति द्वारा दिए गए सुझावों पर, यदि कोई हो, छह माह की समयावधि के भीतर विचार किया जाएगा और यूजीसी को दस्तावेजी प्रमाण सहित अनुपालन रिपोर्ट, प्रस्तुत की जाएगी।''

6. और आगे जबकि, इस मंत्रालय में यूजीसी की सिफारिशों के साथ साथ यूजीसी विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट की जांच की गई थी और निम्नलिखित तथ्य प्रस्तुत किए गए:

i. समविश्वविद्यालय संस्था को अपनी सोसायटी, भूमि शीर्षक, लेखों, कायिक निधि इत्यादि के नाम को नए नाम अर्थात बीएलडीई में करना है।

II. समविश्वविद्यालय संस्था को अपने सभी लेटर हेड, वेबसाइट और अपने सभी पत्र-व्यवहारों में नये नाम को शामिल करना है।

III. समविश्वविद्यालय संस्था को अपने एमओए/नियमावली में नए नाम को शामिल करना है।

IV. संस्था को यूजीसी विशेषज्ञ समिति द्वारा दिए गए सुझावों के संबंध में अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करना है।

V. समविश्वविद्यालय संस्था नवीनतम भारतीय रैंकिंग अर्थात एनआईआरएफ रैंकिंग के शीर्ष 200 में स्थान बनाने में विफल रही।

VI. समविश्वविद्यालय संस्था को राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद (एनएएसी) द्वारा दिनांक 16.11.2015 से 15.11.2020 तक की अवधि के लिए 'बी' ग्रेड (सीजीपीए 2.90) के साथ प्रत्यायित किया गया है।

7. अब, इसलिए, केन्द्र सरकार, यूजीसी अधिनियम, 1956 की धारा 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यूजीसी के परामर्श पर, 'बीएलडीई', बीजापुर, कर्नाटक के सम विश्वविद्यालय के दर्जे को निम्नलिखित शर्तों के साथ दिनांक 28.02.2013 से 30.06.2019 तक आगे बढ़ाती है:

i. समविश्वविद्यालय संस्था अपनी सोसायटी, भूमि शीर्षक, लेखों, कायिक निधि इत्यादि के नाम को नए नाम अर्थात बीएलडीई में परिवर्तित करेगी।

ii. समविश्वविद्यालय संस्था अपने सभी लेटर हेड, वेबसाइट और अपने सभी पत्र-व्यवहारों में नये नाम को शामिल करेगी।

iii. समविश्वविद्यालय संस्था अपने एमओए/नियमावली में नए नाम को शामिल करेगी।

iv. संस्था यूजीसी विशेषज्ञ समिति द्वारा दिए गए सुझावों के संबंध में अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

v. समविश्वविद्यालय संस्था एनआईआरएफ/एनएएसी में अपनी रैंकिंग/ग्रेडिंग के माध्यम से अपने कार्य निष्पादन में सुधार करेगी।

8. 'बीएलडीई', बीजापुर, कर्नाटक द्वारा इस मंत्रालय की पहले की अधिसूचनाओं में उल्लिखित सभी अन्य शर्तों के यूजीसी और अन्य सांविधिक परिषदों द्वारा समय-समय पर जारी नियमों/विनियमों का अनुपालन किया जाएगा।

संजय कुमार सिन्हा

संयुक्त सचिव

सं.एफ. 9-34/2007-यू.3(ए)-भाग 1.— जबकि, केन्द्र सरकार को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) अधिनियम, 1956 की धारा 3 के तहत, यूजीसी की सलाह पर किसी उच्चतर अधिगम संस्था को सम-विश्वविद्यालय घोषित करने की शक्ति प्राप्त है।

2. और जबकि, केन्द्र सरकार ने यूजीसी अधिनियम, 1956 की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यूजीसी की सलाह पर, अपनी दिनांक 22.07.2008 की अधिसूचना सं. 9-34/2007-यू.3 (ए) के जरिए ''क्राईस्ट कॉलेज (स्वायत्त), बंगलौर, कर्नाटक, को इसके संबधन विश्वविद्यालय अर्थातबंगलौर विश्वविद्यालय से सम्बद्धता समाप्त होने की तारीख से पांच वर्षों की अनंतिम अवधि के लिए "क्राईस्ट विश्वविद्यालय'' को नाम तथा शैली में समविश्वविद्यालय संस्था घोषित किया था। यह घोषणा इस शर्त के अध्यधीन थी कि यूजीसी की विशेषज्ञ समीक्षा समिति की निरीक्षण और मूल्यांकन रिपोर्ट एवं यूजीसी की तत्संबंधी सिफारिशों के आधार पर पांच वर्ष की अवधि के बाद समविश्वविद्यालय के दर्जे की पुष्टि की जाएगी।

3. और इसके अतिरिक्त जबकि, माननीय उच्चतम न्यायालय ने ओडिशा लिफ्ट इरिगेशन कार्पोरेशन लिमिटेड बनाम रबी शंकर पेट्रो एवं अन्य द्वारा दायर सिविल अपील सं. 17869-17870/2017 (एसएलपी (सी) सं. 19807-19808/2012 से उत्पन्न) और विजय कुमार एवं अन्य बनाम करतार सिंह एवं अन्य शीर्षक सिविल अपील सं. 17902-17905/2017 (एसएलपी सी सं. 35793-96/2012 से उत्पन्न) में अपने दिनांक 03.11.2017 के आदेश में यह फैसला किया कि यूजीसी, आज से एक माह के भीतर यूजीसी अधिनियम की धारा 23 के कार्यान्वयन और समविश्वविद्यालयों को ''विश्वविद्यालय'' शब्द का उपयोग करने पर प्रतिबंध लगाने के समुचित उपाय करेगा।

4. अब, जबकि, केन्द्र सरकार ने माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुसार और यूजीसी की सलाह पर यूजीसी अधिनियम, 1956 की धारा 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अपनी दिनांक 11.01.2018 की अधिसूचना सं. 9-34/2007-यू.3(ए) के जरिए ''क्राईस्ट विश्वविद्यालय'' के नाम से ''विश्वविद्यालय'' शब्द का विलोपन करके इसका नाम बदलकर ''क्राईस्ट'' किया था बशर्ते कि ''क्राईस्ट'' अपने नाम में ''विश्वविद्यालय'' प्रत्यय शब्द का उपयोग नहीं करेगा लेकिन इसके आगे कोष्ठकों के भीतर "समविश्वविद्यालय" प्रत्यय शब्द का उल्लेख कर सकता है।

5. और जबकि, यूजीसी द्वारा अपनी विशेषज्ञ समिति की मदद से 14-16 दिसंबर, 2017 के दौरान क्राईस्ट, बंगलौर, कर्नाटक की समीक्षा की गई थी। विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट दिनांक 08.02.2018 को आयोजित इसकी 529वीं बैठक (मद सं. 2.05) में आयोग के समक्ष प्रस्तुत की गई थी। आयोग ने रिपोर्ट पर विचार किया था और निम्नलिखित संकल्प इस मंत्रालय को अग्रेषित किया गया था:

''विचार किया गया और इसके अध्यधीन अनुमोदन किया कि विजिटिंग विशेषज्ञ समिति द्वारा दिए गए सुझावों पर, यदि कोई हो, छह माह की समयावधि के भीतर विचार किया जाएगा और यूजीसी को दस्तावेजी प्रमाण सहित अनुपालन रिपोर्ट, प्रस्तुत की जाएगी।''

6. और जबकि, यूजीसी विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट के साथ-साथ यूजीसी की सिफारिशों की मंत्रालय में जांच की गई थी और निम्नलिखित तथ्य प्रस्तुत किए गए:

i. समविश्वविद्यालय संस्था को अपनी सोसायटी, भू-शीर्षक, लेखों, कायिक निधि आदि का नाम बदलकर नए नाम अर्थात ''क्राईस्ट'' के नाम में करनी है।

ii. समविश्वविद्यालय संस्था को अपने संगम ज्ञापन/नियमों में नए नाम को समाविष्ट करना है।

iii. समविश्वविद्यालय संस्था को यूजीसी विशेषज्ञ समिति द्वारा दिए गए सुझावों के संबंध में अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करना है।

iv. समविश्वविद्यालय संस्था, नवीनतम भारतीय रैंकिंग अर्थात एनआईआरएफ रैंकिंग की शीर्ष 200 संस्थाओं में स्थान हासिल करने में विफल रही है।

7. अब, अत:, केन्द्र सरकार एतद्वारा यूजीसी अधिनियम, 1956 की धारा 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यूजीसी की सलाह पर, क्राईस्ट, बंगलौर, कर्नाटक के सम-विश्वविद्यालय दर्जे को निम्नलिखित शर्तों पर दिनांक 22.07.2013 से 30.06.2019 तक बढ़ाती/ विनियमित करती है।

i. समविश्वविद्यालय संस्था अपनी सोसायटी, भू-शीर्षक, लेखों, कायिक निधि आदि का नाम बदलकर नए नाम अर्थात ''क्राईस्ट'' के नाम में परिवर्तित करेगी।

ii. समविश्वविद्यालय संस्था, सभी लेटर हैड, वेबसाइट और अपने भावी पत्राचार में नए नाम को समाविष्ट करेगी।

iii. समविश्वविद्यालय संस्था, अपने संगम ज्ञापन/ नियमों में नए नाम को समाविष्ट करेगी।

iv. समविश्वविद्यालय संस्था, यूजीसी विशेषज्ञ समिति द्वारा दिए गए सुझावों के संबंध में अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

v. समविश्वविद्यालय संस्था, एनआईआरएफ में अपनी रैंकिंग से अपने कार्य-निष्पादन में सुधार करेगी।

8. "क्राईस्ट, बंगलौर, कर्नाटक द्वारा इस मंत्रालय की पूर्व अधिसूचना (अधिसूचनाओं) में उल्लिखित सभी अन्य शर्तों के साथ-साथ यूजीसी और अन्य सांविधिक परिषदों द्वारा समय-समय पर जारी किए जाने वाले नियमों/विनियमों का अनुपालन किया जाएगा।

संजय कुमार सिन्हा

संयुक्त सचिव

सं.एफ. 9-64/2005-यू.3 (भाग-2).— जबकि, केन्द्र सरकार को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) अधिनियम, 1956 की धारा 3 के तहत, यूजीसी की सलाह पर, किसी उच्चतर अधिगम संस्था को बतौर समविश्वविद्यालय घोषित करने की शक्ति प्राप्त है।

2. और जबकि, केन्द्र सरकार ने यूजीसी अधिनियम, 1956 की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, अपनी दिनांक 15.12.2006 की अधिसूचना सं. 9-64-2005-यू.3 के जरिए, यूजीसी की सलाह पर, चेन्नई मैथेमेटिकल इंस्टीट्यूट, चेन्नई, तमिलनाडु को इसके संबंधन विश्वविद्यालय से संस्था की सम्बद्धता समाप्त होने की तारीख से पांच वर्षों की अनंतिम अवधि के लिए नई श्रेणी के तहत समविश्वविद्यालय संस्था घोषित किया था।

3. और इसके अतिरिक्त जबकि, यूजीसी द्वारा इसकी विशेषज्ञ समिति की मदद से 26-27 अक्टूबर, 2017 के दौरान चेन्नई मैथेमेटिकल इंस्टीट्यूट, चेन्नई, तमिलनाडु के कार्यकरण की समीक्षा की गई थी। विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट दिनांक 02.12.2017 को आयोजित इसकी 527वीं बैठक (मद सं. 2.13) में आयोग के समक्ष प्रस्तुत की गई थी। आयोग ने रिपोर्ट पर विचार किया था और इस मंत्रालय को निम्नलिखित संकल्प संप्रेषित किया गया था:

"विचार किया गया और इसके अध्यधीन अनुमोदन किया कि विजिटिंग विशेषज्ञ समिति द्वारा सुझावों पर, यदि कोई हों, छह माह की समयावधि के भीतर विचार किया जाएगा और यूजीसी को दस्तावेजी प्रमाण सहित अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी।"

4. अत: अब, केन्द्र सरकार यूजीसी अधिनियम, 1956 की धारा 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, एतदद्वारा, यूजीसी की सलाह पर, चेन्नई मैथेमेटिकल इंस्टीट्यूट, चेन्नई, तमिलनाडु के समविश्वविद्यालय के दर्जे को दिनांक 15.12.2011 से 30.06.2019 तक आगे बढ़ाती/विनियमित करती है जो इसके अध्यधीन होगा कि संस्था यूजीसी विशेषज्ञ समिति द्वारा बताए गए सुझावों/ बताई गई कमियों के संदर्भ में अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। इसके अलावा, यह इस शर्त के अध्यधीन होगा कि समविश्वविद्यालय संस्था अपने संगम ज्ञापन और शासकीय संरचना में यूजीसी (समविश्वविद्यालय संस्थाएं), विनियम, 2016 जैसा समय-समय पर संशोधन किया जाए, के अनुसार संशोधन करेगी।

5. चेन्नई मैथेमेटिकल इंस्टीट्यूट, चेन्नई, तमिलनाडु द्वारा इस मंत्रालय की पूर्व अधिसूचना(ओं) में उल्लिखित सभी अन्य शर्तों के साथ-साथ यूजीसी और अन्य सांविधिक परिषदों द्वारा समय-समय पर जारी किए जाने वाले नियमों/ विनियमों का पालन किया जाएगा।

संजय कुमार सिन्हा

संयुक्त सचिव

सं.एफ. 9-16/2007-यू.3 (ए) भाग- 1— जबकि, केन्द्र सरकार को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) अधिनियम, 1956 की धारा 3 के तहत, यूजीसी की सलाह पर, किसी उच्चतर अधिगम संस्था को सम-विश्वविद्यालय के रूप में घोषित करने की शक्ति प्राप्त है।

2. और जबकि, केन्द्र सरकार ने यूजीसी अधिनियम, 1956 की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, अपनी दिनांक 03.07.2008 की अधिसूचना सं. 9-16/2007-यू.3 (ए) के जरिए यूजीसी की सलाह पर, भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईएसएसटी), तिरूवनंतपुरम, केरल को पांच वर्षों की अनंतिम अवधि के लिए नई श्रेणी के तहत समविश्वविद्यालय संस्था घोषित किया था। यह घोषणा इसके अध्यधीन थी कि आईआईएसएसटी को दिए गए दर्जे की, यूजीसी की विशेषज्ञ समिति की कार्य-निष्पादन रिपोर्ट और तत्संबंधी आयोग की सिफारिश के आधार पर, पांच वर्ष के बाद पुष्टि की जाएगी और अंतरिक्ष विभाग, यूजीसी द्वारा विनिर्धारित मॉडल संगम ज्ञापन/नियमावली के अनुसार और आयोग की सहमति से आईआईएसएसटी के संगम ज्ञापन (एमओए) और नियमावली को अंतिम रूप देगा।

3. और जबकि, यूजीसी द्वारा अपनी विशेषज्ञ समिति की मदद से 29-31 जनवरी, 2018 के दौरान 'भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईएसएसटी), तिरूवनंतपुरम, केरल की समीक्षा की गई थी। विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट दिनांक 20.03.2018 को आयोजित इसकी 530वीं बैठक (मद सं. 2.12) में आयोग के समक्ष प्रस्तुत की गई थी। आयोग ने रिपोर्ट पर विचार किया था और इस मंत्रालय को निम्नलिखित संकल्प अग्रेषित किया गया था:

''विचार किया गया और इसके अध्यधीन अनुमोदन किया कि विजिटिंग विशेषज्ञ समिति द्वारा दिए गए सुझावों पर, यदि कोई हों, छह माह की समयावधि के भीतर विचार किया जाएगा और यूजीसी को दस्तावेजी प्रमाण सहित अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी।''

4. अत: अब, केन्द्र सरकार, यूजीसी अधिनियम, 1956 की धारा 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यूजीसी की सलाह पर, एतदद्वारा भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईएसएसटी), तिरूवनंतपुरम, केरल के समविश्वविद्यालय के दर्जे को दिनांक 03.07.2013 से आगे बढ़ाती/विनियमित करती है जो इसके अध्यधीन होगा कि संस्था यूजीसी विशेषज्ञ समिति द्वारा बताए गए सुझावों/ बताई गई कमियों के संदर्भ में अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

5. 'भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईएसएसटी), तिरूवनंतपुरम, केरल द्वारा इस मंत्रालय की पूर्व अधिसूचना(ओं) में उल्लिखित सभी अन्य शर्तों के साथ-साथ यूजीसी और अन्य सांविधिक परिषदों द्वारा समय- समय पर जारी किए जाने वाले नियमों/ विनियमों का पालन किया जाएगा।

संजय कुमार सिन्हा

संयुक्त सचिव

सं.एफ. 9-57/2007-यू.3(ए) भाग-1.—जबकि, केन्द्र सरकार को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) अधिनियम, 1956 की धारा 3 के तहत, यूजीसी की सलाह पर किसी उच्चतर अधिगम संस्था को सम-विश्वविद्यालय घोषित करने की शक्ति प्राप्त है।

2. और जबकि, केन्द्र सरकार ने यूजीसी अधिनियम, 1956 की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, अपनी दिनांक 19.12.2008 की अधिसूचना सं. 9-57/2007-यू.3(ए) के जरिए, यूजीसी की सलाह पर, श्री भगवान महावीर जैन कॉलेज, बंगलौर, कर्नाटक को इसके संबधन विश्वविद्यालय अर्थात बंगलौर विश्वविद्यालय, बंगलौर से इसकी सम्बद्धता समाप्त होने की तारीख से पांच वर्षों की अनंतिम अवधि के लिए "जैन विश्वविद्यालय" के नाम और शैली में समविश्वविद्यालय संस्था घोषित किया था। यह घोषणा इस शर्त के अध्यधीन थी कि यूजीसी की विशेषज्ञ समीक्षा समिति की निरीक्षण और मूल्यांकन रिपोर्ट एवं यूजीसी की तत्संबंधी सिफारिशों के आधार पर 5 वर्ष की अवधि के बाद इसके समविश्वविद्यालय के दर्जे की पुष्टि की जाएगी।

3. और इसके अतिरिक्त जबकि, निम्नलिखित संस्थाओं को इस मंत्रालय की दिनांक 24.07.2009 की अधिसूचना सं. 9-57/2007-यू3(ए) के जरिए जैन (पूर्व में जैन विश्वविद्यालय) के दायरे में लाया गया था:

क. श्री भगवान महावीर जैन कॉलेज (स्नातक अध्ययन स्कूल), 34 फर्स्ट क्रास के.सी.रोड, बंगलौर

ख. श्री भगवान महावीर जैन कॉलेज (प्रबंधन अध्ययन केन्द्र), 1/1 अटरिया टॉवर, पैलेस रोड, बंगलौर

ग. श्री भगवान महावीर जैन कॉलेज (स्नातकोत्तर अध्ययन केन्द्र), 18/3, 9वां मेन, तीसरा ब्लॉक, जयनगर, बंगलौर

घ. श्री भगवान महावीर जैन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, जक्कासांदरा पोस्ट, कनकपुरा तलुर, बंगलौर ग्रामीण

4. और इसके अतिरिक्त जबकि, भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय ने ओडिशा लिफ्ट इरिगेशन कार्पोरेशन लिमिटेड बनाम रबिशंकर पात्रो एवं अन्य द्वारा दायर सिविल अपील सं. 17869-17870/2017 (एसएलपी (सी) सं. 19807-19808/2012 से उत्पन्न) और विजय कुमार एवं अन्य बनाम करतार सिंह एवं अन्य शीर्षक सिविल अपील सं. 17902-17905/2017 (एसएलपी सी सं. 35793-96/2012 से उत्पन्न) में अपने दिनांक 03.11.2017 के आदेश में यह निर्णय दिया था कि यूजीसी, आज से एक माह के भीतर यूजीसी अधिनियम की धारा 23 के कार्यान्वयन और समविश्वविद्यालयों को ''विश्वविद्यालय'' शब्द का उपयोग करने पर प्रतिबंध लगाने के समुचित उपाय करेगा।

5. और जबकि, केन्द्र सरकार ने माननीय उच्चतर न्यायालय के निर्देशों के अनुसार और यूजीसी की सलाह पर, यूजीसी अधिनियम 1956 की धारा 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अपनी दिनांक 11.01.2018 की अधिसूचना सं. 9-57/2007-यू3(ए) के जरिए "जैन विश्वविद्यालय" के नाम से 'विश्वविद्यालय' शब्द का विलोपन करके इसका नाम बदलकर 'जैन' किया था बशर्ते कि 'जैन' अपने नाम में 'विश्वविद्यालय' प्रत्यय शब्द का उपयोग नहीं करेगा लेकिन इसके आगे कोष्ठकों के भीतर "समविश्वविद्यालय" प्रत्यय शब्द का उल्लेख कर सकता है।

6. और इसके अतिरिक्त जबकि, यूजीसी द्वारा इसकी विशेषज्ञ समिति की सहायता से 21-23 दिसंबर, 2017 के दौरान जैन, बंगलौर, कर्नाटक के कार्यकरण की समीक्षा की गई थी। विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट को 20.03.2018 को आयोजित इसकी 530वीं बैठक (मद संख्या 2.09) में आयोग के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। आयोग ने रिपोर्ट पर विचार किया था और निम्नलिखित संकल्प इस मंत्रालय को संप्रेषित किया गया था:

''विचार किया गया और इसके अध्यधीन अनुमोदन किया कि विजिटिंग विशेषज्ञ समिति द्वारा दिए गए सुझावों पर, यदि कोई हो, छह माह की समयावधि के भीतर विचार किया जाएगा और यूजीसी को दस्तावेजी प्रमाण सहित अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी।''

7. और जबकि, यूजीसी विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट के साथ-साथ यूजीसी की सिफारिशों की मंत्रालय में जांच की गई थी और निम्नलिखित तथ्य प्रस्तुत किए गए:

i. समविश्वविद्यालय ने मौजूदा विनियमों के अनुसार अपने संगम ज्ञापन/नियमों को प्रस्तुत नहीं किया है।

ii. माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा समविश्वविद्यालयों को उनके नाम में 'विश्वविद्यालय' शब्द का उपयोग करने का निषेध करने वाले दिनांक 03.11.2017 के आदेश के बावजूद समविश्वविद्यालय अभी भी अपने नाम के साथ 'विश्वविद्यालय' शब्द का उपयोग कर रहा है।

iii. समविश्वविद्यालय संस्था को अपनी सोसाइटी, भूमि शीर्षक, लेखा, कायिक निधि आदि का नाम बदलकर नए नाम अर्थात जैन के नाम में करनी है।

iv. समविश्वविद्यालय ने नवीनतम राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग कार्यढांचा (एनआईआरएफ) में भाग नहीं लिया है।

v. संस्था को यूजीसी विशेषज्ञ समिति द्वारा दिए गए सुझावों के संबंध में अनुपालना रिपोर्ट प्रस्तुत करनी है।

8. अब, अत: केन्द्र सरकार एतद्द्वारा यूजीसी अधिनियम, 1956 की धारा 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यूजीसी के परामर्श पर, जैन, बंगलौर, कर्नाटक के समविश्वविद्यालय के दर्जे को निम्नलिखित शर्तों पर दिनांक 19.12.2013 से 30.06.2019 तक बढ़ाती/विनियमित करती है:

i. समविश्वविद्यालय समय-समय पर यथासंशोधित यूजीसी (समविश्वविद्यालय संस्थाएं) विनियम, 2016 के अनुसार अपने संगम ज्ञापन/नियमों को संशोधित करेगा।

ii. समविश्वविद्यालय अपने नाम के साथ 'विश्वविद्यालय' शब्द का प्रयोग नहीं करेगा लेकिन वह उसके आगे कोष्ठकों के भीतर 'समविश्वविद्यालय' प्रत्यय शब्द का उल्लेख कर सकता है।

iii. समविश्वविद्यालय अपनी सोसायटी, भू-शीर्षक, लेखों, कायिक निधि आदि का नाम बदलकर नए नाम अर्थात जैन के नाम में परिवर्तित करेगा।

iv. समविश्वविद्यालय नवीनतम राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग कार्यढांचा (एनआईआरएफ) में भाग लेगा और अपनी वेबसाइट पर अपनी रैंकिंग प्रदर्शित करेगा।

v. संस्था यूजीसी विशेषज्ञ समिति द्वारा दिए गए सुझावों के संबंध में अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

9. 'जैन', बंगलौर, कर्नाटक द्वारा इस मंत्रालय की पूर्व अधिसूचना(ओं) में उल्लिखित सभी अन्य शर्तों के साथ-साथ यूजीसी और अन्य सांविधिक परिषदों द्वारा समय-समय पर जारी किए जाने वाले नियमों/विनियमों का अनुपालन किया जाएगा।

संजय कुमार सिन्हा

संयुक्त सचिव

सं. एफ.9-21/2005-यू.3 (ए) भाग.1.—जबकि, केंद्र सरकार को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) अधिनियम,1956 की धारा 3 के तहत, यूजीसी की सलाह पर, किसी उच्चतर अधिगम संस्था को बतौर समविश्वविद्यालय घोषित करने के लिए शक्ति प्राप्त है।

2. और जबकि, केन्द्र सरकार ने यूजीसी अधिनियम,1956 की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, अपनी दिनांक 30.08.2006 की अधिसूचना संख्या 9-21/2005-यू3(ए) के जरिए, यूजीसी की सलाह पर, एमजीएम स्वास्थ्य विज्ञान संस्थान, नवी मुम्बई को, जिसमें दो संघटक मेडिकल कॉलेज अर्थात् (i) महात्मा गांधी मिशन मेडिकल कॉलेज, नवी मुम्बई और (ii) महात्मा गांधी मिशन मेडिकल कॉलेज, औरंगाबाद (महाराष्ट्र) शामिल हैं, को उपर्युक्त कॉलेजों का उनके संबंधन विश्वविद्यालयों से उनका संबधन समाप्त होने की तारीख से पांच वर्ष की अनंतिम अवधि के लिए समविश्वविद्यालय संस्था घोषित किया था।

3. और इसके अतिरिक्त, जबकि यूजीसी द्वारा अपनी विशेषज्ञ समिति की सहायता से 27-29 सितम्बर, 2017 के दौरान एमजीएम स्वास्थ्य विज्ञान संस्थान, नवी मुम्बई, महाराष्ट्र के कार्यकरण की समीक्षा की गई थी। विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट दिनांक 22.12.2017 को आयोजित इसकी 527वीं बैठक (मद संख्या 2.11) में आयोग के समक्ष रखी गई थी। आयोग ने रिपोर्ट पर विचार किया था और इस मंत्रालय को निम्नलिखित संकल्प अग्रेषित किया गया था:

"विचार किया गया और इसके अध्यधीन अनुमोदन किया कि विजिटिंग विशेषज्ञ समिति द्वारा दिए गए सुझावों पर, यदि कोई हों, छह माह की समयावधि के भीतर विचार किया जाएगा और यूजीसी को दस्तावेजी प्रमाण सहित अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी।"

4. और इसके अतिरिक्त, जबकि मंत्रालय में यूजीसी विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट के साथ-साथ यूजीसी की सिफारिशों की जांच की गई थी और निम्नलिखित तथ्य पाए गए:

i. अचल परिसंपत्तियां अर्थात् संस्था की भूमि, समविश्वविद्यालय के नाम नहीं है।

ii. समविश्वविद्यालय संस्था, नवीनतम भारतीय रैंकिंग अर्थात् एनआईआरएफ रैंकिंग के शीर्ष 200 रैंकिंग में स्थान पाने में विफल रही।

5. अब इसलिए, केंद्र सरकार एतदद्वारा यूजीसी अधिनियम, 1956 की धारा 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यूजीसी की सलाह पर, एमजीएम स्वास्थ्य विज्ञान संस्थान, नवी मुम्बई, महाराष्ट्र के समविश्वविद्यालय के दर्जे को निम्नलिखित शर्तों पर दिनांक 30.08.2011 से 30.06.2019 तक बढ़ाती है:

i. प्रायोजक ट्रस्ट, सभी चल-अचल परिसंपत्तियों को विधिक रूप से समवविश्वविद्यालय के नाम में अंतरित करेगा।

ii. समविश्वविद्यालय संस्था, राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) में अपनी रैंकिंग के जरिए अपने कार्य-निष्पादन में सुधार करेगी।

iii. संस्था, यूजीसी विशेषज्ञ समिति द्वारा दिए गए सुझावों के बारे में अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

6. एमजीएम स्वास्थ्य विज्ञान संस्थान, नवी मुम्बई, महाराष्ट्र द्वारा इस मंत्रालय की पूर्व अधिसूचना(ओं) में उल्लिखित सभी अन्य शर्तों के साथ-साथ और यूजीसी एवं अन्य सांविधिक परिषदों द्वारा समय-समय पर जारी किए गए नियमों/विनियमों का अनुपालन किया जाएगा।

संजय कुमार सिन्हा

संयुक्त सचिव

सं.एफ. 9-48/2007-यू.3(ए) पार्ट-1.—जबकि, केन्द्र सरकार को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) अधिनियम, 1956 की धारा 3 के तहत, यूजीसी की सलाह से, किसी उच्चतर अधिगम संस्था को सम-विश्वविद्यालय घोषित करने की शक्ति प्राप्त है।

2. और जबकि, केन्द्र सरकार ने यूजीसी अधिनियम, 1956 की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यूजीसी के परामर्श पर, अपनी दिनांक 14.08.2008 की अधिसूचना सं. 9-48/2007-यू.3(ए) के जरिए ग्राफिक एरा यूनिवर्सिटी जिसमें ग्राफिक एरा प्रौद्योगिकी संस्थान, देहरादून शामिल है को इसके संबंधन विश्वविद्यालय से सम्बद्धता समाप्त होने की तारीख से उपर्युक्त संस्थान को पांच वर्षों की अनंतिम अवधि के लिए "समविश्वविद्यालय संस्था" घोषित किया था।

3. और इसके अतिरिक्त जबकि, माननीय उच्चतम न्यायालय ने ओडिशा लिफ्ट इरिगेशन कार्पोरेशन लिमिटेड बनाम रबी शंकर पेट्रो एवं अन्य द्वारा दायर सिविल अपील सं. 17869-17870/2017 (एसएलपी (सी) सं. 19807-19808/2012 से उत्पन्न) और विजय कुमार एवं अन्य बनाम करतार सिंह एवं अन्य शीर्षक सिविल अपील सं. 17902-17905/2017 (एसएलपी सी सं. 35793-96/2012 से उत्पन्न) में अपने दिनांक 03.11.2017 के आदेश में यह फैसला किया कि यूजीसी, आज से एक माह के भीतर यूजीसी अधिनियम की धारा 23 के कार्यान्वयन और समविश्वविद्यालयों को ''विश्वविद्यालय'' शब्द का उपयोग करने पर प्रतिबंध लगाने के समुचित उपाय करेगा।

4. और इसके अतिरिक्त जबकि, केन्द्र सरकार ने यूजीसी अधिनियम, 1956 की धारा 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्देश अनुसार और यूजीसी के परामर्श पर अपनी दिनांक 11 जनवरी, 2018 की अधिसूचना सं.9-48/2007-यू.3(ए) के माध्यम से ग्राफिक एरा यूनिवर्सिटी के नाम से विश्वविद्यालय शब्द का विलोपन करके इसका नाम बदलकर ''ग्राफिक एरा'' किया था बशर्ते कि

अपने नाम में "ग्राफिक ऐरा" ''विश्वविद्यालय'' प्रत्यय शब्द का उपयोग नहीं करेगा लेकिन, इसके आगे कोष्ठकों के भीतर "समविश्वविद्यालय" प्रत्यय शब्द का उल्लेख कर सकता है।

5. और जबकि, यूजीसी द्वारा अपनी विशेषज्ञ समिति की सहायता से 11 से 13 अक्टूबर, 2017 के दौरान ग्राफिक एरा, देहरादून, उत्तराखंड के कार्यकलापों की समीक्षा की गई थी। विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट को दिनांक 22.12.2017 को हुई इसकी 527वीं बैठक (मद सं. 2.10) में आयोग के समक्ष रखा गया। आयोग ने रिपोर्ट पर विचार किया था और निम्नलिखित संकल्प इस मंत्रालय को अग्रेषित किया गया था।

''विचार किया गया और इसके अध्यधीन अनुमोदन किया कि विजिटिंग विशेषज्ञ समिति द्वारा दिए गए सुझावों पर, यदि कोई हो, छह माह की समयावधि के भीतर विचार किया जाएगा और यूजीसी को दस्तावेजी प्रमाण सहित अनुपालन रिपोर्ट, प्रस्तुत की जाएगी।''

6. अब, इसलिए, केन्द्र सरकार, यूजीसी अधिनियम, 1956 की धारा 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यूजीसी के परामर्श पर, इस शर्त के साथ कि संस्थान निम्नलिखित पर 6 माह की अवधि के भीतर यूजीसी को अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा, 14.08.2013 से ग्राफिक एरा, देहरादून, उत्तराखंड के सम-विश्वविद्यालय के दर्जे को एतदद्वारा नियमित/आगे बढ़ाती है:

I. सम-विश्वविद्यालय संस्था को अपनी सोसायटी, भूमि शीर्षक, लेखाओं, कायिक निधि इत्यादि नाम को बदलकर नए नाम अर्थात ग्राफिक एरा में करनी है।

II. सम-विश्वविद्यालय संस्था नये नाम को सभी पत्र शीर्षकों, वेबसाइट और उसके सभी पत्र-व्यवहारों में शामिल करेगा।

III. सम-विश्वविद्यालय संस्था अपने एमओए (संगम ज्ञापन)/नियमावली में नए नाम को शामिल करेगा।

IV. सम-विश्वविद्यालय संस्था अपने नाम की अनुमोदित नामावली का उपयोग करेगा।

V. संस्था यूजीसी विशेषज्ञ समिति द्वारा दिए गए सुझावों के संबंध में अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

7. ग्राफिक एरा, देहरादून, उत्तराखंड द्वारा इस मंत्रालय की पहले की अधिसूचना(ओं) के साथ-साथ यूजीसी और सांविधिक परिषदों, समय-समय पर जारी नियम/विनियमों में उल्लिखित अन्य सभी शर्तों का अनुपालन किया जाएगा।

संजय कुमार सिन्हा

संयुक्त सचिव

सं.एफ.9-33/2002-यू.3 (पार्ट.1).—जबकि, केन्द्र सरकार को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) अधिनियम, 1956 की धारा 3 के तहत, यूजीसी की सलाह पर, उच्चतर अधिगम संस्था को बतौर समविश्वविद्यालय घोषित करने की शक्ति प्राप्त है।

2. और जबकि, केंद्र सरकार ने यूजीसी अधिनियम, 1956 की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, दिनांक 17.07.2017 की अपनी अधिसूचना सं.9-33/2002-यू.3 के जरिए, यूजीसी की सलाह पर, शिक्षा 'ओ' अनुसंधान, भुवनेश्वर, ओडिशा, जिसमें निम्नलिखित पांच संस्थाएं शामिल हैं; को निम्नलिखित संस्थाओं के उनके संबधन विश्वविद्यालयों से संबंधन समाप्ति की तारीख से दो वर्ष के बाद उनकी समीक्षा के अध्यधीन समविश्विवद्यालय संस्था घोषित किया था:

i. तकनीकी शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान

ii. व्यवसाय एवं कम्यूटर अध्ययन संस्थान

iii. होटल प्रबंधन स्कूल

iv. दंत विज्ञान संस्थान; और

v. एसयूएम नर्सिंग कॉलेज

3. और इसके अतिरिक्त जबकि, केंद्र सरकार ने यूजीसी अधिनियम, 1956 की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, अपनी दिनांक 17.09.2007 की अधिसूचना सं. 9-33/2002-यू.3 तथा दिनांक 19.09.2007 की अधिसूचना सं. 9-33/2002-यू.3 के जरिए, यूजीसी की सलाह पर, दो संस्थाओं क्रमश: औषध विज्ञान स्कूल, भुवनेश्वर, ओडिशा और आयुर्विज्ञान संस्थान एवं एसयूएम हॉस्पिटल, भुवनेश्वर को शिक्षा 'ओ' अनुसंधान (सम-विश्वविद्यालय), भुवनेश्वर, ओडिशा के क्षेत्राधिकार में शामिल किया था।

4. और जबकि, यूजीसी द्वारा अपनी विशेषज्ञ समिति की सहायता से 28-30 जनवरी, 2018 के दौरान शिक्षा 'ओ' अनुसंधान, भुवनेश्वर, ओडिशा के कार्यकरण की समीक्षा की गई थी। विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट दिनांक 20.03.2018 को आयोजित इसकी 530वीं बैठक (मद सं.2.11) में आयोग के समक्ष रखी गई थी। आयोग ने विचार किया तथा इस मंत्रालय को निम्नलिखित संकल्प अग्रेषित किया:

"विचार किया गया और इसके अध्यधीन अनुमोदन किया कि विजिटिंग विशेषज्ञ समिति द्वारा दिए गए सुझावों पर, यदि कोई हों, छह माह की समयावधि के भीतर विचार किया जाएगा और यूजीसी को दस्तावेजी प्रमाण सहित अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी।"

5. अत: अब, केंद्र सरकार एतदद्वारा यूजीसी अधिनियम, 1956 की धारा 3 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यूजीसी की सलाह पर, इस शर्त के अध्यधीन कि संस्था, यूजीसी विशेषज्ञ समिति द्वारा दिये गए सुझावों/ बताई गई कमियों के संबंध में अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी, शिक्षा 'ओ' अनुसंधान, भुवनेश्वर, ओडिशा के समविश्वविद्यालय के दर्जे को दिनांक 17.07.2009 से आगे बढ़ाती/विनियमित करती है।

6. शिक्षा 'ओ' अनुसंधान, भुवनेश्वर, ओडिशा द्वारा इस मंत्रालय की पूर्व अधिसूचना(ओं) में उल्लिखित सभी अन्य शर्तों के साथ-साथ और यूजीसी एवं अन्य सांविधिक परिषदों द्वारा समय-समय पर जारी किए गए नियमों/विनियमों का अनुपालन किया जाएगा।

संजय कुमार सिन्हा

संयुक्त सचिव

सं.एफ. 9-3/2000-यू.3 (खंड-2).— जबकि, केन्द्र सरकार को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) अधिनियम, 1956 की धारा 3 के तहत यूजीसी की सलाह पर किसी उच्चतर अधिगम संस्था को सम-विश्वविद्यालय के रूप में घोषित करने की शक्ति प्राप्त है।

2. और जबकि, केन्द्र सरकार ने यूजीसी अधिनियम, 1956 की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यूजीसी की सलाह पर, अपनी दिनांक 23.06.2004 की अधिसूचना सं.9-3/2000-यू-3 के तहत करूण्या प्रौद्योगिकी और विज्ञान संस्थान, कोयम्बटूर, तमिलनाडु को तीन वर्ष की अनंतिम अवधि के लिए तत्काल प्रभाव से सम-विश्वविद्यालय संस्था के रूप में घोषित किया था।

3. और इसके अतिरिक्त जबकि, यूजीसी ने अपनी विशेषज्ञ समिति की सहायता से सम-विश्वविद्यालय से दिनांक 09-11 नवंबर, 2017 के दौरान करूण्या प्रौद्योगिकी और विज्ञान संस्थान, कोयम्बटूर, तमिलनाडु के कार्यकरण की समीक्षा की थी। विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट को दिनांक 09.01.2018 को आयोजित इसकी 528वीं बैठक (मद संख्या 2.06) में इस आयोग के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। आयोग ने रिपोर्ट पर विचार किया था और निम्नलिखित संकल्प मंत्रालय को अग्रेषित किया गया था:

"विचार किया गया और इसके अध्यधीन अनुमोदन किया कि विजिटिंग विशेषज्ञ समिति द्वारा दिए गए सुझावों पर, यदि कोई हो, छह माह की समयावधि के भीतर विचार किया जाएगा और यूजीसी को दस्तावेजी प्रमाण सहित अनुपालन रिपोर्ट, प्रस्तुत की जाएगी।"

4. और जबकि, यूजीसी विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट के साथ-साथ यूजीसी की सिफारिशों की मंत्रालय में जांच की गई थी और निम्नलिखित तथ्य प्रस्तुत किए गए:

i. समविश्वविद्यालय के नाम से कोई अलग और विशेष सोसाइटी/ट्रस्ट/कम्पनी नहीं है।

ii. समविश्वविद्यालय के नाम से कोई चल और अचल सम्पत्ति नहीं है।

iii. समविश्वविद्यालय को राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद (एनएएसी) द्वारा दिनांक 25.05.2016 से 24.05.2021 तक पांच वर्षों की अवधि के लिए ख ग्रेड (सीजीपीए 2.91) के साथ प्रत्यायित किया गया है।

iv. समविश्वविद्यालय के संगम ज्ञापन/नियमावली यूजीसी की विद्यमान विनियमों के अनुरूप नहीं है।

v. संस्था को यूजीसी विशेषज्ञ समिति द्वारा दिए गए सुझावों पर अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करनी है।

5. अब, अत:, केन्द्र सरकार ने यूजीसी की सलाह पर यूजीसी अधिनियम, 1956 की धारा 3 के तहत शक्तियों का प्रयोग करते हुए करूण्या प्रौद्योगिकी और विज्ञान संस्थान, कोयम्बटूर, तमिलनाडु को एतदद्वारा दिनांक 23.06.2007 से 30.06.2019 तक की अवधि के लिए निम्नलिखित शर्तों के अधीन आगे बढ़ाती है:

i. समविश्वविद्यालय के नाम से एक अथवा और अलग और विशेष सोसाइटी/ट्रस्ट/कम्पनी बनाई जाएगी।

ii. समविश्वविद्यालय के नाम से चल और अचल सम्पत्ति को कानूनी तौर पर पंजीकृत किया जाएगा।

iii. समविश्वविद्यालय संस्था एनएएसी ग्रेडिंग के माध्यम अपने कार्य निष्पादन में सुधार करेगा।

